हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी



11 चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान



## बच्चा नहीं होने पर की दूसरी शादी, विवाद होने पर किया दोनों पर हमला

# पहली पत्नी चाहती थी जमीन से हिस्सा, गुस्से में की वारदात

### रिश्तेदारों से बोला- दूसरी पत्नी ने पहली को मारा तो लिया बदला

**कविता की मौत, सविता गंभीर, आरोपी फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बागडू कलां में बुधवार को अल सुबह लोमहर्षक घटना में पति ने अपनी पहली पत्नी की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी। जबकि दूसरी नई नवेली दूसरी पत्नी मौत और जिंदगी के बीच जूझ रही है। जिसे गंभीर हालात में पीजीआई रोहतक रेफर किया है। वारदात के पीछे पहले पत्नी अपना भविष्य सुरक्षित चाहती थी। आरोपित ने वारदात को अंजाम देकर अपने रिश्तेदारों को घटना की सूचना देकर गुमराह करने की कोशिश भी की। हालांकि पुलिस ने मृतका पहली पत्नी के भांजे की शिकायत पर आरोपित पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। बागडू कलां निवासी सुरेश की पहली शादी लगभग 15 साल पहले गांव सांघी हाल सांपला निवासी कविता से हुई थी। लंबे समय के बाद भी कविता को संतान नही हुई। सुरेश ने गत दो मार्च को कविता की सहमति से युमनानगर निवासी सविता से दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी के साथ पखवाड़ा ही बीता था कि पहली पत्नी कविता दुशमन दिखाई देने लेगी। हालात यहां तक पहुंचे कि बुधवार को सुरेश ने दोनों पत्नियों को तेजधार हथियार से काटा डाला। जिसमें कविता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सविता जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। सुरेश द्वारा दूसरी शादी के बाद पहली पत्नी कविता भविष्य को लेकर चिंतित हो गई थी। कविता चाहती थी कि सुरेश उसे जमीन से हिस्सा दे। संतान न होने के कारण उसका बुढापा ठीक से कट सके लेकिन सुरेश अपनी पहली पत्नी कविता को हिस्सा देने को राजी नही था। जिसको लेकर घर मे कलह रहती थी। उसी कलह के चलते वीरवार को सुरेश ने दोनों पत्नियों पर तेजधार हथियार से बेरहमी से वार किए। जिसमें कविता (42) की मौत हो गई। जबकि सविता (32) गंभीर रूप से घायल हो गई।



जींद। घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी व मौके पर मौजूद लोग।



**मामले की जांच जारी**

सदर थाना के जांच अधिकारी दिलबाग सिंह ने बताया कि वारदात को अंजाम पति द्वारा दिया गया है। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**एक ही हथियार का प्रयोग**

घटना की सूचना पाकर डीएसपी गौरव शर्मा, सदर थाना प्रभारी राजेश, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। दोनों महिलाओं की गर्दनों पर एक ही तेजधार हथियार का प्रयोग किया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि रात को सुरेश तथा कविता के बीच हिस्से को लेकर विवाद हुआ है। जिसको लेकर आरोपित सुरेश ने दोनों पत्नियों को ठिकाने लगाने की योजना बना ली। आरोपित दोनों को मरा समझ कर घर से निकल गया था। जिसमें कविता की मौत हो गई थी। जबकि सविता की सांसें चल रही थी।

**रिश्तेदार को दी सूचना**

मृतका कविता के भांजे मुकेश ने बताया कि उसके मौसा सुरेश का सुबह फोन आया था। जिसने बताया कि उसकी दूसरी पत्नी सविता ने तेजधार हथियार से उसकी मौसी कविता की हत्या कर दी है। घटना के दौरान वह खेत में गया हुआ था। जब लौटा तो कविता खून से लथपथ पड़ी हुई थी। जिस पर उसने गुस्से में आकर दूसरी पत्नी कविता पर तेजधार हथियार से वार कर दिए हैं। मृतक की बहन का कहना था कि मंगलवार को शाम को कविता से अंतिम बार बात हुई थी। जिसमें उसने ठीक ठाक बताया था।

## जीएसटी लेनदेन का बताया जा रहा मामला

# जींद: सीबीआई टीम की बैटरी फैक्ट्री में छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड स्थित बैटरी फैक्ट्री में बुधवार शाम को सीबीआई की टीम ने छापेमारी की है मामला जीएसटी रिश्वत से जुड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल सीबीआई की टीम फैक्ट्री के अंदर डेरा डाले हुए हैं। बताया जाता है कि गत 12 मार्च को केंद्रीय जीएसटी रोहतक की टीम ने बैटरी फैक्ट्री में दस्तक दी थी। जिसमें लेनदेन तय हुआ था आज रोहतक से जीएसटी अधिकारी ने किसी अपने रिश्तेदार को फैक्ट्री मालिक से रुपये लेने के लिए भेजा था। मामले की भनक सीबीआई को भी लग चुकी थी। बुधवार शाम को वह व्यक्ति फैक्ट्री में पहुंचा तो सीबीआई की टीम ने उसे काबू कर लिया। बताया जा रहा है कि जींद के अलावा रोहतक तथा भिवानी में भी सीबीआई की टीमों ने दस्तक दी हुई है ! ना तो किसी को फैक्ट्री से बाहर आने दिया जा रहा है और ना ही अंदर जाने दिया जा रहा है। मामले को लेकर कोई बोलने को तैयार नहीं है।

### आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दे हड़पे 21 लाख

**जींद।** आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 21 लाख रुपये हड़पने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मल्हार निवासी गुड्डी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव दुबलधन निवासी सूरजमल से रिश्तेदारी है। उसके लड़के पकंज तथा विजय उसके पास आते-जाते रहते हैं। दोनों ने विदेश भेजने का कार्यालय खोल हुआ है। उसने अपने बेटे रिंकू को आस्ट्रेलिया भेजने के लिए कहा। 20 जून 2023 को पंकज, विजय, धर्मेंद्र उसके घर आए और रिंकू से बातचीत की। उसके दस्तावेज जांचने के बाद 21 लाख रुपये की डिमांड की और रिंकू को वर्क वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। जिस पर आरोपितों को 15 लाख रुपये नगद दे दिए गए। सात जुलाई 2023 को 50 हजार रुपये पेटीएम से आरोपितों को भेजे। तीन दिसंबर 2012 को सात लाख 25 हजार रुपये आरोपितों के खाते में भेजे गए।

### तीन पिस्तौल-18 जिंदा कारतूस संग एक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने उचाना के बडौदा बाईपास पर युवक को काबू कर कब्जे से तीन पिस्तौन तथा 18 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उचाना थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि उचाना के बड़ौदा बाईपास पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा 18 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े युवक की पहचान पालवा हाल 40 फूटा रोड उचाना कलां निवासी पवन उर्फ पौनी के रूप में हुई। उचाना थाना पुलिस पवन के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपित से अवैध असलहा कहां से लेकर आया। इसके पीछे उद्देश्य क्या था।

## खबर संक्षेप

### आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** सेक्टर 8 के पावर हाउस में सालाना मरमत और हॉट प्वायंट पर कार्य के चलते बुधवार को बिजली सप्लाई तीन घंटे बंद रहेगी। इस पावर हाउस से जुड़े कई 11 केवी फीडर बंद रहेंगे। कार्यकारी अभियंता विकास मलिक ने बताया कि सेक्टर 6, 7 फीडर से जुड़े हनुमान नगर, सेक्टर 6, 7, सेक्टर 8, 9 फीडर से जुड़े सेक्टर 8, 9, सेक्टर 11 से जुड़े सेक्टर 11, अर्बन एस्टेट, जवाहर नगर, सफीदों रोड फीडर से जुड़े अर्बन स्टेट, शिव कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, गोहाना रोड फीडर से जुड़ी शिव कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, हाउसिंग बोर्ड फीडर से जुड़े हाउसिंग बोर्ड और ग्रीन वैली फीडर की सप्लाई सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक बंद रहेगी।

### सड़क हादसे में घायल बस चालक की मौत

**जींद।** बड़ौदा गांव के पास दिल्ली-संगरूर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में घायल बस चालक 42 वर्षीय संदीप की बुधवार को मौत हो गई। उसका शहर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। जींद डिपो की किलोमीटर स्कीम की बस गत 14 मार्च को टोहाना से जयपुर के लिए चली थी। बस को थुआ निवासी संदीप चला रहा था। उचाना से चलने के बाद जैसे ही बड़ौदा से निकली तो हाईवे किनारे खड़े टाटा एस को टक्कर मार दी थी। इसके बाद वह डिवाइडर से टकराते हुए हाईवे किनारे पलट गई थी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गांव दनौदा कलां में हुए झगड़े में जानलेवा हमला करने के एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान दनौदा कलां निवासी नीरज के रूप में हुई है। इस मामले में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। सदर थाना नरवाना प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को दनौदा कलां में दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। इसमें ईंट, लाठी, डंडों व तेजधार हथियार से हमला किया गया था। इस झगड़े में 12 लोगों को चोट आई थी। 18 दिसंबर को इलाज के दौरान दनौदा कलां निवासी रमलू की मौत हो गई थी।

### रंजिशन हमला करने पर 4 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव झांज कलां में रंजिशन चाकू तथा सुए से हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झांज कलां निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा नीरज भैंसों को पानी पिलाने तालाब पर गया हुआ था। उसी दौरान अजय तथा उसके साथियों ने चाकू तथा सुए से हमला कर दिया। जिसमें उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर अजय, रितेश, सागर, विशाल के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीन की सौदेबाजी कर 15 लाख हड़पे, केस दर्ज

**जींद।** जमीन की सौदेबाजी कर 15 लाख हड़पने तथा सौदा हुई जमीन का सौदा दूसरी पार्टी से करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव फूलिया कलां निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ नवंबर 2023 को गांव के ही अमित ने उसके साथ 18 लाख रुपये में सौदा किया था। टोहाना में 15 लाख रुपये अमित को देकर एग्रीमेंट कर लिया गया। दस जुलाई 2024 को रजिस्टरी करवाने का समय तय कर दिया। जब रजिस्टरी करवाने टोहाना तहसील पहुंचा तो पता चला कि अमित उस जमीन को दस जुलाई 2024 को किसी दूसरी पार्टी को बेच चुका है।

# कैथल: 1390 वकीलों ने डाला वोट



**कैथल।** पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के चुनावों के लिए मतदान शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। कुल 1390 वकील मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चली। चुनाव के लिए जिले में कुल चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। बार एसोसिएशन में प्रथम तल पर तीन बूथ नंबर 152, 153 और 154 बार रूम, लाईब्रेरी व मनोरंजन कक्ष में बनाए गए थे। कैथल में कुल 1659 अधिवक्ता हैं। वहीं, गुहला बार एसोसिएशन में प्रथम तल पर एक बूथ स्थापित किया गया है, जहां 146 अधिवक्ता हैं। चुनाव के लिए कुल 6 पोलिंग पार्टियां तैनात की गई थी जिनमें 4 मुख्य और 2 रिजर्व टीमें शामिल थी। जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई थी। कैथल क्षेत्र के लिए कलायत के एसडीएम अजय हुड्डा को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जबकि गुहला-चीका क्षेत्र के लिए एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। सुबह नौ बजे से वकील मतदाता वोट देने के लिए लाईनों में लगने शुरू हो गए थे। पहले मतदान ढीला रहा लेकिन दिन चढने के साथ-साथ बूथों के बाहर लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई। बार परिसर में दिन भर चहल पहल रही। इस चुनाव में कैथल बार से भी तीन उम्मीदवार पूर्व प्रधान संदीप शर्मा, पूर्व सचिव मुनीष राठी और सोमदत्त शर्मा इस बार किस्मत आजमा रहे हैं।

### दादूवाल पर लगाया हमले का आरोप

**कैथल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान पर पिस्तौल तानने के मामले में प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कैथल के नीम साहिब गुरुद्वारा में संगत के साथ बैठक की। बाद में उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल ने पंजाब बॉर्डर के पास पिस्तौल दिखाकर हत्या का प्रयास किया और पीछे गाड़ी लगाकर उनको गोली मारने का प्रयास किया। नीम साहिब गुरुद्वारा के सभाहाल में सिख संगत की बैठक में झींडा पर हुए कथित हमले को लेकर चिंता जताई गई। झींडा ने बताया कि मंगलवार को वे पंजाब के एक गांव में भोग कार्यक्रम में गए थे। वहां दादूवाल ने माइक पर हरियाणा कमेटी की कार्यशैली पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की। आपत्ति जताने पर दोनों के बीच बहस हो गई और मामला झगड़े में बदल गया। समर्थकों ने की मारपीट झींडा ने आरोप लगाया कि रास्ते में दादूवाल के समर्थकों ने उनकी गाड़ी रोकते उनके साथ मारपीट की कोशिश की और रिवॉल्वर तान दी। बताया जा रहा है कि उनकी पहले से रेकी की जा रही थी। दादूवाल ने कथित तौर पर गोली चलाने का आदेश दिया, लेकिन ड्राइवर और सुरक्षाकर्मी की हिम्मत से वे बच निकले।

### आज से प्रारंभ होंगे चैत्र नवरात्र

**राजौंद।** आज से चैत्र नवरात्रों की शुरुआत हो गई है, जिसे लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं बाजार भी पूरी तरह सजकर तैयार हैं। नवरात्रों के चलते शहर के मुख्य बाजारों में माता रानी के पूजन से जुड़ी सामग्री जैसे चुनरी, नारियल, कलश, ज्योत, माता की प्रतिमाएं, श्रृंगार सामग्री और व्रत के लिए विशेष खाद्य पदार्थों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों ने भी आकर्षक सजावट के साथ अपनी दुकानें सजा ली हैं और विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं। इस दौरान अस्थायी स्टॉल लगाकर बाजार की रौनक बढ़ा रहे हैं। सजाई गई दुकानों पर रंग-बिरंगी चूड़ियां, माता की चुनरियां, कृत्रिम आभूषण, खिलौने और सजावटी सामान ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। खासकर महिलाओं और बच्चों में इन दुकानों को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रों के नौ दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। श्रद्धालु इन दिनों व्रत रखकर मां की आराधना करते हैं और घरों में घट स्थापना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

# बूंदाबांदी-तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंडक

## दो दिन बारिश की संभावना, किसानों के माथे पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- हवा के साथ बारिश हुई तो गेहूं सरसों की फसल पसर जाएगी

बुधवार शाम को अचानक से मौसम ने करवट ली। पहले तेज ठंडी हवाएं चली और फिर बूंदाबांदी शुरू हो गई। शाम को तेज हवाएं चलने के साथ आसमान में धूल उडऩे लगी। आसमान में बादल छा गए। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार व शुक्रवार को जिले में बारिश होने की संभावना है। हवा की गति 17 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी की मात्रा 42 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से मौसम बिल्कुल साफ था। हालांकि पिछले पांच दिन से दिन में हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। दो दिन पहले न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब धीरे-धीरे तापमान में बढ़ौतरी हो रही थी। बुधवार शाम को अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाएं चलने से आसमान में बादल छा गए। तेज हवाएं चलने से धूल आसमान में फैल गई। बादल छाने से बारिश की संभावना बनी है। यदि इस समय तेज हवा के साथ बारिश हुई तो गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान होगा। बूंदाबांदी होने से ठंडक का अहसास हुआ वहीं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें आ गई। गांव पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि वीरवार व शुक्रवार को बारिश की संभावना है। यदि अब बारिश होती है तो फसलों को नुकसान होगा। तेज हवा के साथ बारिश हुई तो गेहूं व सरसों की फसल पसर जाएगी। बारिश होने से तापमान में गिरावट आएगी।





# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास
# गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

## आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

***देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।***

### यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

### सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



**मेष**

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।




**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।




**मकर**

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



**वृषभ**

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



**सिंह**

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।




**मिथुन**

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

# सेहत




## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



**डॉ. एस.पी. राय**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार



हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।



आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### टीबी पेशेंट्स की डाइट



**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

# क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

## प्रिकॉशन

**डॉ. माजिद अलीम**

वजह चाहे आपकी जॉब हो या इनएक्टिव रहने की हैबिट, अगर आप अकसर घंटों बैठे रहते हैं तो इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। लॉन्ग सिटिंग से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरत सकते हैं, जानिए।

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।

**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**बढ़ रही निष्क्रिय जीवनशैलीः** क्या आपको पता है कि भारत में 25 प्रतिशत वयस्क प्रतिदिन 8 घंटे से भी ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं और इस दौरान वो 20 मिनट से भी कम का ब्रेक लेते हैं। कमोबेश कॉरपोरेट जगत में ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज और सामान्य लोगों का लाइफस्टाइल भी इस तरह का ही होता जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### छोटूराम पार्क के सामने से गाड़ी चोरी

**जींद।** पुराना बस स्टैंड नरवाना क्षेत्र से चोरों ने गाड़ी चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कावड़छा निवासी भीरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गाड़ी को छोटूराम पार्क के सामने पुराना बस स्टैंड नरवाना में खड़ा कर घर चला गया था। जब अगले दिन आया तो गाड़ी गायब मिली। तलाश करने के बावजूद भी गाड़ी का सुराग नही लग सका।

### हकृवि में कृषि मेला 23 व 24 मार्च को

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन किया जाएगा। मेले में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस कृषि मेले में प्रदेशभर के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों, विभिन्न विभागों और संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। विवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने जानकारी दी।

### चैत्र नवरात्रि आज से 27 मार्च तक मनाई जाएगी

**उचाना।** चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च तक मनाई जाएगी। जिसमें 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। बनभौरी माता शक्तिपीठ पुजारी पुलकित कौशिक ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ कलश स्थापना की जाएगी। जिसे उत्तर-पूर्व ईशान कोण दिशा में करना शुभ माना जाता है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** पुरानी हांसी रोड से युवती के संदिग्ध हालात में लापता होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुराना हांसी रोड निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जिसका सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्टर रेट पर आमजन से आपत्तियां आमंत्रित

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जमीन व अन्य अचल संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट तैयार कर लिए गए हैं। इन प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर आमजन से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। कोई भी व्यक्ति अपने एतराज 25 मार्च को दोपहर दो बजे तक जमा करवा सकता है। एतराज संबंधित सब रजिस्ट्रार कार्यालयए उपमंडल अधिकारी कार्यालय या लघु सचिवालय के तृतीय तल पर दिए जा सकते हैं।

### नरवाना भगवती क्लब का 96 वां भंडारा संपन्न

**नरवाना।** नरवाना भगवती क्लब द्वारा अमावस्या के पावन अवसर पर 96 वां भंडारा अत्यंत श्रद्धा उत्साह एवं सेवा भाव के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह भंडारा पुरानी अनाज मंडी में आरंभ हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी, चावल एवं जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया।

### आपत्तिजनक मैसेज भेजने के आरोप में केस

**कैथल।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गवाही देने से रोकने के लिए धमकाने और युवती को आपत्तिजनक मैसेज भेजने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में एक कॉलोनी निवासी युवक ने आरोप लगाया कि 2 मार्च को ढांड रोड पर आरोपी सुरेश उर्फ बिन्नी ने उसे गवाही देने से रोकने के लिए डराया और धमकाया। इसके साथ ही उसकी बहन को आपत्तिजनक मैसेज भेजे।

### हिंदू नववर्ष पर बहुकुंडीय यज्ञ आज

**पूंडरी।** पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच की बैठक एचएसवीपी के दयानंद पार्क में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रधान अनिल आर्य ने की। बैठक में हिंदू नववर्ष 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत के उपलक्ष्य में 19 को बहुकुंडीय सत्य सनातन वैदिक संस्कृति महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विमर्श किया।

---

रसूलपुर गामड़ी में पूर्व विधायक ने किया करोड़ों के कार्यों का शुभारंभ

# उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी: बाजीगर

## छह लाख से तैयार बस स्टैंड का विधिवत उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव रसूलपुर गामड़ी में विकास कार्यों को नई गति देते पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने 6 लाख की लागत से तैयार हुए बस स्टैंड का विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 56 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास भी किया। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने पूर्व विधायक का स्वागत करते क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। बाजीगर ने कहा कि गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रहा है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड के बनने से जहां ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। आगामी घोषणा करते कहा कि गांव के दो पंचायती तालाबों की चारदीवारी-सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द शुरू कराया जाएगा, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ गांव की सुंदरता में भी बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा गांव के अन्य आवश्यक विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर शुरू करवाने का आश्वासन दिया।



कैथल। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर विकास कार्यों का शुभारंभ करते।

### ये रहे मौजूद

पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है, जिसके चलते भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी विकास कार्यों की यह गति लगातार जारी रहेगी और क्षेत्र को कई नई सौगातें मिलती रहेंगी। इस मौके पर जिला पार्षद मैनेजर कश्यप, जगतार माजरी, ब्लॉक समिति सदस्य मदन फिरोजपुर, गुरविंदर करवातन, रसूलपुर गांव के सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सोना राम, साहब सिंह बल, वकील गुर्जर, मास्टर मेवा राम, बलवंत नंबरदार, ईश्वर बाजीगर, विजय बाजीगर, जंगीरा राम, अजमेर गुर्जर, संजय गुज्जर, कृष्ण गुर्जर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने गांव में विकास कार्यों को लेकर अपनी मांगें भी रखीं, जिन पर पूर्व विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। कहा कि जनता की जरूरतों के अनुसार योजनाएं बनाकर कार्य करवाना ही उनका लक्ष्य है। पूर्व विधायक कुलवंत ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर कोने में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। सरकार की नीतियां पारदर्शिता, ईमानदारी और जनकल्याण पर आधारित हैं, जिसके चलते आज हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सडक़ों, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार गंभीरता से काम कर रही है, जिससे गांवों की तस्वीर बदल रही है।

### शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती बड़ी जरूरत

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने गांव कवारतन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए साइंस लैब, 12 नए कमरों तथा करीब एक हजार फुट लंबी बाउंड्री वॉल का उद्घाटन किया। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है और बेहतर अधोसंरचना से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। कवारतन के सरपंच इंद्र सिंह, जिला पार्षद मैनेजर कश्यप, समिति सदस्य गुरविंदर सिंह, ओंकार सिंह कक्कड़ व बलजीत सैनी सहित समस्त गांव वासी उपस्थित रहे।

---

# सफाई कर्मियों ने नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता में नगर परिषद कैथल के गेट पर इकट्ठे होकर जोरदार प्रदर्शन करके हरियाणा सरकार व ठेकेदार प्रथा का पुतला दहन किया। बाद में कार्य कारी अधिकारी नगरपरिषद व जिला आयुक्त कैथल के ऑफिस पर जाकर मुख्य मंत्री के नाम उनको ज्ञापन दिया। संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। एसकेएस जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल,हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव मा0रामपाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ तो सब का साथ सबका विकास ओर सबके विश्वास का नारा देती है दूसरी ओर सफाई के कार्य को जो नियमित प्रवृति का काम है उसको निजीकरण व उदारीकरण के नाम पर ठेकेदार के माध्यम से करा रही है। ठेकेदार सफाई कर्मचारियों का भारी शोषण व उत्पीड़न कर रहे हैं।इनसे ठेकेदारी के तहत कई- कई धन्टे लगातार काम लिया जा रहा है।



कैथल। सरकार का पुतला दहन करते नपा कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



राजौंद। बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन।

### सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**राजौंद।** खंड राजौंद की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किठाना में खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सभी सीआरसी, विद्यालय मुखिया, बीआरपी एवं एबीआरसी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्रत्येक बच्चे को बुनियादी शिक्षा में दक्ष बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालयों की नियमित सफाई तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति, समयबद्ध कार्य और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।प्रवेश उत्सव के अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### जींद: जिला बार काउंसिल का चुनाव संपन्न

**जींद।** जिला बार काउंसिल का चुनाव बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 158 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनके लिए 949 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को निष्पक्ष और सुचारु बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे, जहां प्रवेश से पहले मतदाताओं की जांच भी की गई। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। मतदान के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर केंद्र बनाए गए थेए जिससे मतदाताओं को सुविधा मिल सके और भीड़ भाड़ की स्थिति से बचा जा सके।

---

### टावर स्थापना आवेदनों पर मंथन

**जींद।** जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय स्थित नई बिल्डिंग में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एडीसी प्रदीप कुमार ने की। बैठक में विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टावर स्थापना के लिए प्रस्तुत आवेदनों और विभागीय रिपोर्टों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टावर स्थापना से जुड़े सभी मामलों का निपटारा पारदर्शिता और निर्धारित समय सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर मोबाइल नेटवर्क के लिए टावरों की स्थापना जरूरी हैए लेकिन आमजन की सुविधा और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि टावर लगाने से पूर्व संबंधित स्थल का मौका निरीक्षण अवश्य किया जाए।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि





जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य तय समय में किया जाए

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके लिए फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय व संसाधनों का उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एक महत्वाकांक्षी पहल है। जिससे किसानों की फसलों का सटीक, पारदर्शी और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे भविष्य में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। इससे पूर्व विडीयो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के डीएलआर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### विधानसभा में गूंजा कसूहन गांव का नाम

**उचाना।** विधानसभा में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि उनके पैतृक गांव की दो बेटियों ने कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद बड़ा मुकाम हासिल किया है। दोनों बेटियां सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण हैं। कहा कि बेटियों की सफलता बिना पर्ची बिना खर्ची प्रणाली का ऐतिहासिक उदाहरण है। गरीब परिवार की बेटी जब वर्दी पहनती है तभी वास्तविक सामाजिक न्याय होता है। अत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था को दिया। विधायक ने कहा कि अब गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। टिप्पणी करते कहा कि बजट हरियाणा को हरित ऊर्जा और आधुनिक अवसंरचना के क्षेत्र में आगे बढ़ाने वाला है।



उचाना। विधानसभा में बोलते विधायक देवेंद्र अत्री।



उचाना। स्वाति को सम्मानित करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

### स्वाति को किया सम्मानित

**उचाना।** यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करने वाली बांगर की बेटी स्वाति आर्या पुत्री दिलबाग सिंह के निवास स्थान पर पहुंच पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटी स्वाति ने यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण कर इलाके, हरियाणा का नाम रोशन किया है। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बन कर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम समाज में लड़कियों और लड़कों की परवरिश बिना किसी भेदभाव के करें। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का जमाना है। अभिभावकों को चाहिए कि वो नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित करें। शिक्षित होने के बाद रूढ़ीवादी सोच के विचारों में भी बदलाव होगा। स्वाति ने मिसाल कायम की है।

---



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि व प्रधान तेजबीर सिंह।

### करियर निर्माण के लिए किया प्रेरित

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी में 39वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का समापन उत्साह व गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विवि के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की निदेशक प्रो मंजुला चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक कमेटी के प्रधान पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने कालेज के संस्थापक चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर मंजुला चौधरी ने अपने संबोधन में छात्राओं को करियर निर्माण के प्रति जागरूक करते कौशल विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर नए-नए पाठ्यक्रम व कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया।

# नशे के दुष्परिणाम बारे किया जागरूक

■ मुहिम जिला शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस द्वारा चलाया जा रहा "नशा मुक्त हो जिला" अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक उपासना के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में यह जागरूकता मुहिम जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाई जा रही है, ताकि समाज के हर वर्ग तक नशे के खिलाफ संदेश पहुंचाया जा सके। इसी कड़ी में नशा जागरूकता टीम में शामिल एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता व एसपीओ चांदी



राम की टीम द्वारा गांव कसान, किठाना, तितरम व शेरू खेड़ी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीम ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों व महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों के दौरान टीम सदस्यों ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, वहीं यह परिवार की आर्थिक स्थिति को भी कमजोर कर देता है और समाज में अपराध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व रोजगार के अवसरों की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही आमजन को जागरूक करते हुए कहा गया कि यदि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी व कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई।



ढांड। सांग की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### पिंगला भरथरी ने बांधा समां

**ढांड।** युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में 11वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव (कुरुक्षेत्र जोन) का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस हरियाणवी लोकनाट्य सांग "पिंगला भरथरी" मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सांग की सशक्त प्रस्तुति आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल की टीम द्वारा की, जिसने दर्शकों को हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से रूबरू कराया। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय, प्रभावी संवाद, पारंपरिक वेशभूषा और मधुर संगीत के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रस्तुति की जमकर सराहना की।

---

पवित्र सरोवर में डुबकी लगा कर की मोक्ष की कामना

# चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार को चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। बुधवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू किया। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए





पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। हालांकि तीर्थ में पानी बहुत कम था। बावजूद इसके श्रद्धालुओं की आस्था कम नही हुई। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर खुद को पवित्र किया और पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया। तीर्थ पर पुलिसकर्मी पूरा दिन तैनात रहे। वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की तरफ पुलिस प्रशासन ने विशेष ख्याल रखा। पिंडारा तीर्थ पर अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।

# विधायक सतपाल जांबा ने विधानसभा में उठाई पूंडरी को उपमंडल बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी क्षेत्र को उपमंडल का दर्जा दिलाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर विधानसभा में गूंज उठी, जब विधायक सतपाल जाम्बा ने इस मुद्दे को मजबूती से उठाते हुए सरकार से इस मामले में निर्णय लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूंडरी क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

विधानसभा सत्र के दौरान जाम्बा ने बताया कि पूंडरी को उपमंडल बनाने की मांग वर्ष 1995 से लंबित है और समय के साथ इसकी आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आगामी जनगणना के आधार पर इस प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। इस पर जवाब देते कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने माना कि यह मामला लंबे समय से विचाराधीन है।

**बोली सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मलिकपुर (13880) खंड सीवन, जिला कैथल में नकारा हो चुके दो कमरों की बोली दिनांक 25-03-2026 को प्रातः 10:00 बजे स्कूल प्रांगण में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली के नियम व शर्तें मौके पर सुना दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### नंदगढ़ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जुलाना।** जुलानक्षेत्र के नंदगढ़ गांव में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। नंदगढ़ निवासी 24 वर्षीय युवक अंकित ने खेतों में एक पेड़ से फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना का पता उस समय चला जब आसपास के लोगों ने खेत में युवक को पेड़ से लटका देखा। इसके बाद तुरंत गांव के अन्य लोगों को सूचना दी गई और पुलिस को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सहपाठी ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 24 साल की युवती ने कॉलेज में पढ़ने वाले सहपाठी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में युवती का आरोप है कि उसका सहपाठी ने पहले तो दुष्कर्म किया और फिर लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। अब सिटी थाना पुलिस युवती की शिकायत पर लिव इन पार्टनर पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह 2022 में शहर के एक कॉलेज में पढ़ाई करते थे। इस दौरान नीरज नाम के युवक के साथ उसकी जान-पहचान हो गई। इसके बाद उन्होंने एक दूसरे के साथ मोबाइल नंबर शेयर कर लिए व आपस में बातचीत होने लगी। आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### इग्नू ने 30 तक बढ़ाई दाखिले की अंतिम तिथि

**कैथल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 मार्च 2026 कर दिया है। यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने इग्नू के पोर्टल पर पहले से पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अभी तक फीस का भुगतान नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र ही अपनी फीस जमा कर अपने प्रवेश को सुनिश्चित करें।

### लाकड़ मार्केट में मोबाइल दुकान से चुराया सामान

**कैथल।** जींद रोड पर रेलवे अंडरपास के पास लकड़ मार्केट में चोरों ने एक मोबाइल दुकान में हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। शिकायत में गांव धरौदी निवासी जयदेव ने बताया कि उसकी लकड़ मार्केट में बालाजी मोबाइल नाम से दुकान है। 7 मार्च को उसका बेटा अंकुश दुकान बंद कर गांव चला गया था। इसके बाद 17 मार्च को जब वह दुकान पर पहुंचा तो दूसरी और तीसरी मंजिल के गेट टूटे हुए मिले। जांच करने पर पता चला कि दुकान में रखे मोबाइल एक्सेसरीज के कई बॉक्स चोरी हो चुके हैं। चोरी हुए सामान में करीब 200 डाटा केबल, 60 स्पीकर, 100 चार्जर, 60 ईयरबड्स, 40 पावर बैंक सहित अन्य सामान शामिल है।

## छोटे और बड़े फायर सिलेंडरों को जगह-जगह करवाया जा रहा इंस्टॉल

# बिना फायर एनओसी के अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में सेफ्टी के प्रबंध

- बिना फायर एनओसी के चल रहा है नागरिक अस्पताल प्रतिदिन बिल्डिंग में होता है हजारों लोगों का आना-जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। नागरिक अस्पताल में फायर सेफ्टी के लिए लाए गए छोटे व बड़े फायर सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्तर पर कोई कोर कसर नही छोड़ना चाह रहा है। अस्पताल को अब तक फायर सेफ्टी एनओसी नही मिली है और बिना एनओसी के ही अस्पताल संचालित किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में आगजनी की घटना से बचाव को लेकर पुरानी बिल्डिंग में अग्निशमन उपकरण लगाए जाने का कार्य शुरू किया गया है। हालांकि इस समय रेनोवेशन कार्य भी चला हुआ है और फायर सेफ्टी को लेकर पानी के पाइप भी बिछाए गए हैं। वहीं वार्ड और ओपीडी के बाहर अब फायर सिलेंडर रखवाए जा रहे हैं।

### छोटे सिलेंडर लगेंगे कमरों के बाहर

*नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन हजारों का आना-जाना होता है। क्योंकि इमरजेंसी वार्ड के अलावा यहां ओपीडी स्लिप भी कटती है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां फायर सेफ्टी इंतजाम बेहद जरूरी थे। इसलिए यहां जगह-जगह फायर सिलेंडर इंस्टॉल करवाए जा रहे हैं। जो बड़े सिलेंडर 50 लीटर के हैं, उनका प्रेशर लगभग 10 मीटर तक प्रभावी है। इसके साथ ही इन सिलिंडरों से जुड़ी पाइप करीब 50 मीटर लंबी है, जिससे आग लगने की स्थिति में दूर तक पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सकेगा। छोटे सिलेंडरों को भवन में अलग-अलग कमरों के बाहर दीवार पर लगाया जाएगा।*

**दो तरह के फायर सिलेंडर रखवाए जा रहे :** नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में अस्पताल प्रशासन द्वारा दो तरह के फायर सिलेंडर रखवाए जा रहे हैं। जिनका प्रयोग आग लगने पर किया जा सकेगा। इसमें एक सिलेंडर 50 लीटर क्षमता के हैं। जिनकी संख्या छह है। इन फायर सिलेंडर के नीचे व्हील लगे हैं, जिन्हें जरूरत के समय कहीं भी उपयोग किया जा सकता है। वहीं साढ़े चार लीटर क्षमता के 40 छोटे सिलिंडर भी जगह-जगह रखवाए गए हैं।

इन सिलेंडरों को दीवार पर लगाया जाएगा। पुरानी बिल्डिंग में ही इमरजेंसी वार्ड, प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सीएमओ कार्यालय, डिप्टी सीएमओ कार्यालय, एसएनसीयू, फिजियोथैरेपी सेंटर, लैब, मरीजों के लिए वार्ड, कैंसर डे केयर सेंटर, डायलिसिस यूनिट, दवा वितरण खिड़की है। इसके अलावा क्लर्क स्टाफ के लिए भी कमरे हैं।

### पुरानी बिल्डिंग को नहीं मिली है फायर एनओसी

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को अबतक फायर एनओसी नही मिली है। फायर एनओसी हासिल करने के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा है। इससे पहले जगह-जगह रेत से भरी लाल रंग की बाल्टियों को रखा गया था। जो आग लगने पर किसी भी सूरत में कारगर साबित नही हो सकती थी। ऐसे में फायर सिलेंडर इंस्टॉल होने के बाद अस्पताल प्रशासन को फायर एनओसी मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बाकायदा फायर सेफ्टी उपकरणों के साथ-साथ स्टाफ को भी इनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### आग की घटनाओं पर लगेगा अंकुश

पुरानी बिल्डिंग में जगह-जगह छोटे और बड़े फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा है। फायर सेफ्टी सिलिंडर लगने के बाद आग की संभावित घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। अस्पताल प्रबंधन को मरीजों और तिमारदारों की सुरक्षा का ख्याल है। इसीलिए यह सिलेंडर इंस्टॉल करवाए जा रहे हैं।

- डा. सुमन कोहली, सीएमओ

# गांव चौशाला में एक करोड़ से होगा इंडोर कुश्ती एकेडमी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- एक करोड की लागत से बनाई जाएगी इन्डोर कुश्ती एकेडमी

ऋषि च्यवन की तपोस्थली गांव चौशाला में अब खेल-खिलाडियों को जमकर बढ़ावा मिलेगा। गांव में एक करोड़ रुपए की लागत से इंडोर कुश्ती एकेडमी का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए एक करोड़ रुपए की ग्रांट स्वीकार की है। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह ने बताया की गांव के सुशील कमांडो इस परियोजना को लेकर लगातार प्रयास कर रहे थे। इस राशि से गांव में कुश्ती के लिए एक भव्य हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसमें सुविधाएं रहेंगी। यह अपनी तरह का कैथल जिला का पहला आधुनिक इंडोर कुश्ती स्टेडियम होगा। इसमें खिलाडियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाड़ी आगे बढक़र गांव और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। दिलबाग सिंह ने बताया की एकेडमी के लिए सरकार की तरफ से सेंक्शन लेटर जारी हो चुका है।

सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह ने बताया कि इंडोर कुश्ती स्टेडियम के लिए ग्राम पंचायत ने 4 कनाल 10 मरले जमीन उपलब्ध करवाई है। यदि ज्यादा जमीन की आवश्यकता पड़ी तो इसके साथ लगती पंचायत की जमीन की व्यवस्था की जाएगी। गांव का युवक सुशील कुमार 2002 में कमांडो में चयनित हुआ था। वे अपनी सेवा के साथ-साथ अपनी जन्म के प्रति सजग रहता है। इंस्पेक्टर पद पर पहुंच चुके इस युवा का शुरू से ही आधुनिक खेल सुविधाएं गांव में जुटाने का रहा है। इसके लिए वे लगातार ग्राम पंचायत, प्रशासन व राजनेताओं के संपर्क में रहे।

### जताया आभार

डीएनटी वाइस चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत पठानियां ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरंतर गंभीर रहते हैं। चौशाला गांव को सीएम ने जो सौगात दी है वह युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए उत्साहित करने वाली है। स्टेडियम से कुश्ती का प्रशिक्षण लेकर निकलने वाले खिलाड़ी भविष्य में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस सौगात को दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा और इंस्पेक्टर सुशील चौशाला का आभार प्रकट किया।

### अवैध हथियारों सहित दो आरोपी काबू



**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने दो युवकों को अवैध हथियारों सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई मे एएसआई शमशेर की टीम गश्त दौरान हिसार से चंडीगढ़ हाइवे हरसोला कट के पास पहुंची। वहां पहले से सिपाही रवि को विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राकेश निवासी तितरम व अंकित निवासी नरड़ अपने पास अवैध असला लेकर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे से गांव प्योदा की ओर जाने वाले मार्ग पर मौजूद हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन करके मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के आधार पर दो संदिग्ध युवकों को काबू किया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान राकेश निवासी तितरम व अंकित निवासी नरड़ के रूप में बताई। तलाशी के दौरान आरोपी राकेश के कब्जे से एक देसी पिस्टल .32 बोर व एक मैगजीन सहित 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए। वहीं आरोपी अंकित के कब्जे से एक देशी पिस्टल .32 बोर, एक मैगजीन व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ थाना तितरम मे मामला दर्ज करके एएसआई शमशेर सिंह द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी व्यापक पूछताछ उपरांत न्यायिक हिरासत मे भेज दिए गए।



ढांड। बैठक में विचार विमर्श करते किसान नेता।

### 23 को पिपली अनाज मंडी में होगी जनक्रांति रैली

**ढांड।** ढांड में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की एक महत्वपूर्ण बैठक युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों और मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने बताया कि 23 मार्च को शहीद भगत सिंह शहादत दिवस के अवसर पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान–मजदूर जनक्रांति रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली में प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से किसान, मजदूर एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में आगामी आंदोलन की रणनीति की घोषणा भी की जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका के साथ संभावित ट्रेड डील किसानों और खेत मजदूरों के हितों के खिलाफ है। उनका आरोप था कि यदि विदेशी कृषि उत्पादों को कम या शून्य कस्टम ड्यूटी पर भारत के बाजार में प्रवेश मिलता है, तो इससे भारतीय किसानों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि देश के अधिकांश किसान छोटे और सीमांत वर्ग से जुड़े हैं, जो बड़े पैमाने पर खेती करने वाले विदेशी किसानों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। ऐसे में किसी भी असंतुलित व्यापार समझौते से कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

# एबीवीपी ने मूलभूत समस्याओं पर महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- महाविद्यालयों में शौचालय व्यवस्था दुरुस्त करने व कॉमन रूम की व्यवस्था करने की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक को विद्यार्थियों की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को आ रही दैनिक समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

एबीवीपी राजकीय महाविद्यालय जींद के ईकाई अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि कॉलेज में कॉमन रूम की उचित व्यवस्था नही होने के कारण विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉमन रूम में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और न ही वहां साफ-सफाई का उचित ध्यान रखा जाता है। परिषद ने मांग की कि छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग और सुव्यवस्थित कॉमन रूम की व्यवस्था की जाए ताकि वे अपने खाली समय का उपयोग अध्ययन और अन्य रचनात्मक कार्यों में कर सकें। कई शौचालयों में साफ.-सफाई की कमी है, पानी की व्यवस्था ठीक नही है और कुछ स्थानों पर मरम्मत की भी आवश्यकता है। इससे विद्यार्थियों को काफी असुविधा हो रही है। एबीवीपी ने कॉलेज प्रशासन से नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खराब पड़े बाथरूमों की जल्द मरम्मत करवाने की मांग की। यदि जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं किया तो परिषद विद्यार्थियों के हितों के लिए आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

## परीक्षा में कुल 867 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 57 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# वेदांता स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल 867 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 57 मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत का एक प्रेरणादायक उत्सव बन कर उभरा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और उमंग से भर दिया। विद्यार्थियों की पावर प्वायंट प्रस्तुति ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक सुविधाओं और उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या वीना दारा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी के भीतर अपार क्षमता होती है। जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। यह छात्रवृत्ति परीक्षा उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बच्चों को आगे बढने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 1100 नगद राशि के साथ स्मार्ट वॉच प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर स्कूल बैग तथा तृतीय से सातवें स्थान तक के विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को भी स्मार्ट वॉच एवं प्रवेश शुल्क में विशेष छूट प्रदान की गई।




जींद। प्रतिभावन बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### तनु को साइकिल देकर किया पुरस्कृत

*इस छात्रवृत्ति परीक्षा के प्रमुख विजेताओं में नियति, करण, जसवीन, जागृति, हर्षित, कार्तिक एवं तनु के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। छात्रवृत्ति परीक्षा में ओवरऑल टॉपर तनु को विशेष रूप से साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन शीला देवी, निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन एवं प्रधानाचार्या वीना दारा ने विजेताओं को सम्मानित किया। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि के क्षण को गर्व के साथ साझा किया। निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने अपने संबोधन में कहा कि 867 विद्यार्थियों में से 57 का चयन होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। यह केवल नंबर नही बल्कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की जीत है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहे हैंए और भविष्य में भी हम उन्हें ऐसे ही अवसर प्रदान करते रहेंगे। समारोह का सफल आयोजन विद्यालय परिवार के सहयोग से अत्यंत सुव्यवस्थित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ बल्कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।*

## न्यूज डायरी



### डीप टेक इनोवेशन चैलेंज विशेष पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा आईआईसी के तत्वावधान में डीप टेक इनोवेशन चैलेंज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। प्राचार्या ने आधुनिक युग के संदर्भ में इस कार्यशाला की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। सम्पूर्ण कार्यशाला का सयोजन आर एंड डी सेल की संयोजिका डा. सुषमा गर्ग के द्वारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में डा. हिमांशु गर्ग कंप्यूटर साइंस विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शनी इंदिरागांधी महाविद्यालय जींद ने डीप टेक इनोवेशन चैलेंज विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने एआई क्या है, इसके प्रकार और पढ़ाई व आजीविका में अवसर कैसे बनाए यह समझाया।



### अपहरण मामले में 36 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में एक व्यापारी के अपहरण के प्रयास के मामले में 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे व्यापारियों में भारी रोष देखा जा रहा है। मामले को लेकर बुधवार को पुरानी अनाजमंडी में व्यापारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कैलाश सिंगला ने की। जबकि इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना के इतने समय बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना गंभीर चिंता का विषय है। कैलाश सिंगला ने बताया कि मंगलवार सुबह व्यापारी सुशील के अपहरण का प्रयास किया गया था। यह घटना मंडी चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई इसके बावजूद पुलिस अभी तक आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है।

### राज्यसभा चुनाव में मंत्री बेदी ने निभाई अहम भूमिका



**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की राजनीतिक सूझबूझ एवं परिपक्वता का जलवा एक बार फिर राज्यसभा परिणाम से साबित हो गया है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा प्रत्याशी संजय भाटिया के चुनाव एजेंट की अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। कैबिनेट मंत्री ने पार्टी के सभी विधायकों का निष्पक्ष मतदान करवा कर तकनीकी कौशल से पार्टी उम्मीदवार को फतेह हासिल करवाई। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जब कभी भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है उस पर खरा उतर कर वे नेतृत्व के विश्वास पर मोहर लगाते हैं। इससे पहले भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में त्रिलोकपुरी विधानसभा के प्रभारी के तौर पर कैबिनेट मंत्री को जिम्मेदारी दी गई थी तथा इसके अलावा बिहार विधानसभा चुनाव में समस्तीपुर जिला की मोइनुद्दीन नगर का इंचार्ज बनाया गया। इन दोनों विधानसभा चुनाव में कैबिनेट मंत्री ने कुशल प्रबंधन और आमजन से मिलनसार रवैया के बूते जीत का डंका बजाया। कैबिनेट मंत्री सड़क और सदन में भी जनहित के मसलों पर तर्कसंगत और विवेकशील बहस में विपक्ष को हमेशा निरुत्तर करते नजर आते हैं।



### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में छात्राओं ने की सक्रिय भागीदारी

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं तमन्ना एवं प्रीति ने छह मार्च से 12 मार्च तक चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में सक्रिय भागीदारी की। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा व्यक्तित्व विकास करना था। शिविर के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों समूह चर्चाओं सामाजिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने अनुशासन नेतृत्व क्षमता एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर से वापसी पर महाविद्यालय परिसर में छात्राओं तमन्ना एवं प्रीति का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रचार्या डा. अंजना लोहान मधु शर्मा एवं मूर्ति जगलांन तथा अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### मयंक ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किया टॉप

**जींद।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हरनामपुरा के छात्र मयंक ने 100 में से 81.25 अंक लेकर खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा कनिका ने भी 81.25 अंक लेकर प्रतीक्षा सूची में पहला स्थान प्राप्त किया। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिससे विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। मुख्याध्यापक एवं समस्त स्टाफ ने दोनों छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मुख्याध्यापक अनन्तपाल नैन ने मुख्य शिक्षक देवेन्द्र मोर एवं कक्षा इंचार्ज विनोद नैन जिन्होंने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाई तथा छात्र मयंक एवं कणिका को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और शिक्षा के प्रति लगन को दर्शाता है। उक्त छात्रों ने अंडर -11 खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में मयंक द्वारा खंड स्तर पर टॉप करने पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, सरपंच दिलबाग नैन, एस एम सी प्रधान राजेश सैनी व अनिल नैन, एसएमसी सदस्यों ने स्टाफ सदस्यों व छात्रों को बधाई दी।

### 10वीं की पंजाबी विषय की परीक्षा में सात विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देते मिले, बनी यूएमसी

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं की पंजाबी विषय की परीक्षा में सात विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए पाए। जैसे ही उडनदस्ता टीम शारदा पब्लिक स्कूल में पहुंची तो सात विद्यार्थी फ्लाइंग टीम को देखकर भाग खड़े हुए। टीम ने सात यूएमसी बनाई। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड की जांच की जाती है। विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि बिना वैध प्रवेश पत्र और सत्यापित फोटो के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षाओं के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्बाध संचालन व परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप की रोकथाम के उद्देश्य से धारा 163 के अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध है। जिला प्रश्नपत्र टीम के अधीक्षक राजेंद्र कुमार सिरोहा ने कहा कि बुधवार को 10वीं की पंजाबी विषय की परीक्षा में सात यूएमसी बनाई गई हैं। उडनदस्ता टीम परीक्षा के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण करती रहती है।